फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री भैरूसिंह पिता श्री विजय सिंह सोडा निवासीः ग्रा.पं. उपडाकघर वाया केलवा तहसील एंव जिला राजसमंद

— अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ **— प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **एएपत्रावली संख्या 78/2022**

कमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 13.12.2022 पत्रावली पेश हुई। अपीलांट अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ द्वारा जरिये पत्रांकः/सू. का अधि.05/2022/3163 दिनांक 27.11.2022 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ द्वारा अपीलार्थी को जरिये पत्रांकः सू.अ.05/2022/2930 दिनांक 29.09.2022 सूचित किया गया कि अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्य अस्पष्ट, अपठनीय एवं अप्रासंगिक है। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्य अस्पष्ट, अपठनीय एवं अप्रासंगिक है। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ को सूचना हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्य, अस्पष्ट, अपठनीय एवं अप्रासंगिक होने से लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी को कार्यालय दिवस में तलब किया जाकर अपीलार्थी जो भी वांछित सूचना चाहता है अभिलेख का अवलोकन कराकर नियमानुसार सूचना उपलब्ध करवाई जावे। उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)